# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-156 | सागवाड़ा, मंगलवार, 7 फरवरी, 2023 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


# पूर्व CM राजे से नेताओं की शिकायत से लेकर टिकट वितरण तक की हुई चर्चा

**- बंद कमरें में डूंगरपुर बांसवाड़ा ज़िलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से हुई राजनीतिक चर्चा**
**- डूंगरपुर ज़िले के एक बड़े जन प्रतिनिधि की शिकायत भी राजे से की गई।**

**सागवाडा।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे का डूंगरपुर दौरा सियासी हलचल के बीच सोमवार को समाप्त हुआ। इस दौरान राजे से मिले कार्यकर्ता ने कई नेताओं की शिकायत तक कर डाली। साथ ही टिकट वितरण को लेकर भी कई नाम सामने आए। डूंगरपुर ज़िले के एक बड़े जन प्रतिनिधि की शिकायत भी राजे से की गई। राजे ने रविवार देर रात तक डूंगरपुर ज़िले के विधानसभा क्षेत्रों सागवाडा, आसपुर, डूंगरपुर और चौरासी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी से मुलाक़ात की तो वही सोमवार सुबह बाँसवाड़ा ज़िले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों से बांसवाड़ा ज़िले के राजनीतिक माहौल के बारे में जानकारी ली। जानकारी के अनुसार पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विधानसभा क्षेत्र का फीडबैक देते हुए किसे



टिकट दिया जाना चाहिए वर्तमान में क्षेत्र में भाजपा की क्या स्थिति है सहित बड़े नेताओं के बारे में शिकायत की है। जानकारी के अनुसार पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने अपने अपने विधानसभा क्षेत्र का फीडबैक देते हुए किसे टिकट दिया जाना चाहिए, वर्तमान में क्षेत्र में भाजपा की क्या स्थिति है जैसे तमाम राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए बड़े नेताओं के बारे में शिकायत तक की है। जो कार्यकर्ता पूर्व सीएम से मुलाक़ात के लिए आए थे उनका नाम नंबर और पार्टी में उनका पद की जानकारी भी राजे की टीम के द्वारा ली गई। विधानसभा चुनाव में टिकट का आस लगाए बैठे कुछ नेता तो कुछ उनके समर्थक भी राजे से मिलते दिखाई दिए। इस दौरान पूर्व सीएम राजे ने बंद कमरे में अलग अलग विधानसभावार कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की बैठक ली। हालाँकि डूंगरपुर ज़िले से को बड़ा नेता राजे के इस फीडबैक कार्यक्रम में नज़र नहीं आया। इधर ना सिर्फ़ भाजपा संगठन के आलाधिकारियों ने इस पूरे कार्यक्रम में नज़र बनाए रखी थी बल्कि राज्य सरकार की गुप्तचर विभाग भी इस पर पूरी जानकारी लेते नज़र आया। हालाँकि इस दौरान यहाँ डूंगरपुर ज़िले के संगठन का कोई बड़ा पदाधिकारी मौजूद नहीं था।



तीनों लड़कियों से मुलाक़ात करती पूर्व CM वसुंधरा राजे।

# अर्पिता पाटीदार की स्कूटी के पीछे बैठी पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे

**वसुन्धरा राजे ने की उस स्कूटी की सवारी जो उनके द्वारा शुरू की गई योजना में वितरित की थी**

**सागवाडा।** पूर्व सीएम वसुन्धरा राजे आज उस स्कूटी योजना में मिली स्कूटी की सवारी बनी,जिसे उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में शुरू किया था। डूंगरपुर ज़िले के चितरी गाँव में स्कूटी योजना से लाभान्वित बालिका अर्पिता पाटीदार, मधु दमामी और चंदा डोडियार पूर्व सीएम से मिली। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्थान में स्कूटी योजना शुरू करने के लिए राजे का आभार व्यक्त किया।

जोगपुर के निलेश पाटीदार ने बताया कि बालिका अर्पिता ने राजे से आग्रह किया कि वे उक्त योजना में मिली उसकी स्कूटी पर बैठ कर सफ़र करें तो राजे ने बालिका का मान रखने के लिए चितरी गाँव में जहाँ वे रुकी हुई



थी,वहाँ से अपनी गाड़ी तक का सफ़र उन्होंने स्कूटी पर बैठ कर तय किया। इसके बाद राजे उदयपुर के लिए रवाना हुई।रास्ते में उनका कई जगह ज़ोरदार स्वागत हुआ।

# उमिया माताजी मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव, पूर्व सीएम राजे को दिया निमंत्रण

**9 से 11 फरवरी चलेगा महोत्स, गुजरात के उंझा के उमिया माताजी मंदिर से लाएंगे नव निर्मित मंदिर के लिए ज्योत**



**सागवाडा।** चितरी के उमिया नगर में बना प्रदेश का पहला उमिया माताजी मंदिर के महोत्सव को लेकर पाटीदार समाज की ओर से सोमवार को राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को निमंत्रण दिया गया। कड़वा पाटीदार समाज की तरफ से प्राण–प्रतिष्ठा के लिए पत्रिका वितरण का कार्य जोरों पर हैं। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 9 से 11 फरवरी को होने वाला है। इसमें हज़ारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचने की संभावना है। समाज के कमलाकांत पाटीदार ने बताया कि मेहसाणा जिले के उंझा में स्थित पाटीदार समाज की कुलदेवी का मंदिर यानि उमिया माताजी मंदिर से ज्योत लाकर यहां प्रज्वलित की जाएगी।

इधर, प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है। समाज की ओर से गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई क्षेत्रों पाटीदार समाज की बड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान संस्थान अध्यक्ष मानशंकर जोगपुर ,पूर्व संस्थान अध्यक्ष कमलाकांत ,रतनजी दादा ,नाथूजी ,अमरजी भाई ,देवजी ,प्रेम शंकर ,ललित पाटीदार ,गोविंद ,देवीलाल दाढ़ी ,लालेग भाई बांसवाड़ा, विनोद जोगपुर की अगुवाई में स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पिछले 1 दिन से पूर्व मुख्यमंत्री का उमिया नगर में कार्यक्रम रहा।



कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का हुआ अभिनंदन सागवाड़ा। सागवाडा में सुरभि बाजार स्थित कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का अभिनंदन किया गया। कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया की मौजूदगी में नवनियुक्त आसपुर ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह सिसोदिया, पुनाली ब्लॉक अध्यक्ष रतन लाल पाटीदार एवं सागवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष धीरज मेहता एवं ब्लॉक अध्यक्ष रोहित पाटीदार का उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया।

## 19 को हुमड़पुरम में भवन नामकरण अनावरण कार्यक्रम होगा

**सागवाडा।** हुमड़पुरम में श्री 18000 दशा हुमड़ दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश खोड़निया की अध्यक्षता में एक तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। समाज के महासचिव अशोक दोसी ने बताया कि 19 फरवरी को राज्य सरकार के स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, जल संसाधन विकास मंत्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय एवम जनजाति विकास मंत्री अर्जुन बामणिया की उपस्थिति में हुमड़पुरम में निर्मित भवन के नामकरण अनावरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। साथ ही हुमड़पुरम के मुख्य द्वार का शिलान्यास कार्यक्रम भी इस दिन आयोजित किया जाएगा।

# युवक का पत्थरों के नीचे दबा मिला शव, कल मजदूरी के लिए घर से निकला था युवक

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के धंबोला थाना क्षेत्र में पीठ सलारेश्वर मंदिर के पास एक युवक का शव पत्थरों के नीचे दबा मिला है। युवक के शरीर पर कई जगह घाव के निशान है। इस पर हत्या का शक जताते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इधर युवक की हत्या की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक रविवार को मजदूरी करने के लिए घर से निकला था और इसके बाद से घर नही पहुंचा था। डूंगरपुर जिले के धंबोला थाने के थानाधिकारी हजारीलाल मीणा ने बताया की पीठ से सरथुना रोड पर पीठ सलारेश्वर मंदिर के पास सोमवार सुबह एक युवक का शव पड़ा हुआ लोगो ने देखा था। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फ़ैल गई और लोग इकट्ठे हो गए। लोगो की सूचना पर धंबोला पुलिस मौके



पर पहुंची। युवक का शव मुख्य मार्ग पर पत्थरगढ़ी के पास ही पड़ा हुआ था। युवक के ऊपर कई पत्थर पड़े थे, जिसके नीचे शव दबा हुआ था। उसके शरीर पर कई जगह चोंट के निशान थे। पुलिस ने पत्थर हटाकर नीचे दबे शव को बाहर निकाला। गांव के लोगो ने युवक की पहचान भंडारी निवासी मणिलाल (35) पुत्र रणछोड़लाल डामोर के रूप में की गई। लोगो ने बताया की मणिलाल मजदूरी का काम करता है। रविवार को सुबह मजदूरी पर जाने निकला था, लेकिन शाम तक घर नहीं आया था। जिस वजह से परिवार के लोग उसकी खोजबीन कर रहे थे। घटना को लेकर परिजनों ने हत्या का शक जताया। जिस पर पुलिस ने बांसवाड़ा से एफएसएल की टीम एवं उदयपुर डॉग स्क्वायड की टीम को मौके पर बुलाया है। एफएसएल एवं डॉग स्क्वायड टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए ।इसके बाद शव को सीमलवाड़ा मोर्चरी में रखवाया जिसके बाद मृतक का चचेरा भाई मोती डामोर की रिपोर्ट पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। हालाकि अब तक मौत के कारणों को लेकर पता नही चल सका है।





